पत्र संख्या–20एम०–वि०प०(तारांकित)–12/2023

**बिहार सरकार**

**वित्त विभाग**

**प्रेषक,**

**ममता मीनाक्षी,**
सरकार के उप सचिव।

**सेवा में,**

**निदेशक,**
अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय,
योजना एवं विकास विभाग,
बिहार, पटना।

**विषयः–** **श्री सर्वेश कुमार, माननीय स० वि० प० द्वारा बिहार विधान परिषद् के 205वाँ सत्र में पूछा जानेवाला तारांकित ऑनलाईन प्रश्न संख्या–1/205/210 का स्थानान्तरण के संबंध में।**

**प्रसंगः–** बिहार विधान परिषद् सचिवालय से ऑनलाईन प्राप्त ।

**महाशय,**

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संबंध में कहना है कि विषयांकित प्रश्न **अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय, योजना एवं विकास विभाग** से संबंधित है।

अतएव बिहार विधान परिषद् सचिवालय से प्राप्त ऑनलाईन प्रश्न की छायाप्रति संलग्न करते हुये अनुरोध है कि वांछित उत्तर बिहार विधान परिषद् सचिवालय को ससमय भेजते हुये उसकी प्रति संसदीय कार्य विभाग एवं वित्त विभाग को भी देने की कृपा की जाय।

अनुलग्नक–यथोक्त ।

**विश्वासभाजन,**

**ह०/–**
**(ममता मीनाक्षी)**
सरकार के उप सचिव।

**ज्ञापांक–** **/वि०, पटना, दिनांक–**

**प्रतिलिपिः–** अवर सचिव, बिहार विधान परिषद् सचिवालय, पटना को तारांकित ऑनलाईन प्रश्न संख्या–1/205/**210** दिनांक–26.10.2023 के **स्थानान्तरण** के आलोक में सूचनार्थ प्रेषित।

**ह०/–**
**(ममता मीनाक्षी)**
सरकार के उप सचिव।

ज्ञापांक–                                          /वि०, पटना, दिनांक–

**प्रतिलिपिः–** माननीय मंत्री, वित्त विभाग के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

ह०/–

**(ममता मीनाक्षी)**

सरकार के उप सचिव।

ज्ञापांक– 9940                                          /वि०, पटना, दिनांक–07-11-2023

**प्रतिलिपिः– श्रीमती रश्मि रेखा,** सिस्टम एनालिस्ट, से अनुरोध है कि स्थानान्तरण संबंधी ऑनलाईन अपलोडिंग सुनिश्चित की जाए।

06/11/23

**(ममता मीनाक्षी)**

सरकार के उप सचिव।

# Bihar Vidhan Parishad Question

1/205/210

**आकलन करने का विचार कबतक**

26/10/2023 31/10/2023

*1/205/210 श्री सर्वेश कुमार(स्नातक दरभंगा)

वित्त विभाग

(क) क्या यह सही है कि हाल के वर्षों में बिहार के सकल घरेलू उत्पाद में संतोषजनक प्रगति हुई है, लेकिन प्रति व्यक्ति आय के मामले में बिहार की प्रति व्यक्ति आय देश के सभी राज्यों में कम है;

(ख) क्या यह सही है कि प्रति व्यक्ति आय को बढ़ाने के लिए सरकार ने कोई लक्ष्य निर्धारित किया है, प्रति व्यक्ति आय को बढ़ाने के लिए सरकार के पास समयबद्ध कार्य योजना है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बतायेगी कि बिहार प्रति व्यक्ति आय के मामले में देश के औसत प्रति व्यक्ति आय के समकक्ष कब आ सकेगा, क्या सरकार इसका आकलन करने का विचार रखती है ?

----